केन्द्रीय विद्यालय संगठन
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत संस्थान
संभागीय कार्यालय, कोलकाता
ई०बी० ब्लॉक, सैक्टर-1, लाबोनी, साल्ट लेक,
कोलकाता – 700064
https://rokolkata.kvs.gov.in/

KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
An Autonomous Body under Ministry of Education, Govt. of India
Regional Office, Kolkata, EB Block, Sector-I, Laboni, Salt Lake, Kolkata-700064
Ph : 033 23376998 (DC) / 23219490 (ACs)
Email : kvskolkata64@gmail.com,
acadrokolkota@gmail.com

फ.25350 /2023-24/के.वि.सं.(क्षे.का.)/कोल/शैक्षिक/ 1356-1421 दिनांक:08.04.2024

प्राचार्य
समस्त केंद्रीय विद्यालय
कोलकाता संभाग

विषय: NIPUN लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु सुझाए गए क़दमों के सम्बन्ध में

महोदया/महोदय,

राष्ट्रीय शिक्षानीति-2020 के अनुसार शिक्षा प्रणाली की सर्वोच्च प्राथमिकता 2025 तक प्राथमिक विद्यालय में सार्वभौमिक मुलभुत साक्षरता और संख्या-ज्ञान प्राप्त करना है और इस महत उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने NIPUN (निपुण) मिशन की स्थापना की है। इस सन्दर्भ में विद्यालयों में निम्नलिखित कदम उठाना अनिवार्य है।

1. विद्यालय के प्रमुख स्थानों पर निपुण प्रतीक चिन्ह (Logo) तथा लक्ष्यों को सुन्दर और बड़े-बड़े अक्षरों में प्रदर्शित करें।
2. हर लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु शैक्षणिक सत्र के शुरुआत से ही जांच सूची (Checklist) तैयार करें और शिक्षण के दौरान की गयी निरिक्षण (Observation) को उसमे सम्मिलित करें।
3. पाठ योजना में निपुण लक्ष्यों को स्पष्ट रूप से शामिल करें।
4. सीखने की प्रक्रिया को त्वरान्वित करने और आसान बनाने के लिए खिलौना-आधारित और खेल-आधारित शिक्षण कौशल लागू करें।
5. अनौपचारिक वातावरण में रचनात्मक मूल्यांकन(Formative Assessment) के उपकरणों के माध्यम से सीखने का प्रतिफल (Learning Outcomes) की प्राप्ति का मूल्यांकन सुनिश्चित करें।
6. लक्ष्य प्राप्त करने में असफल रहे विद्यार्थियों के लिए विभेदक गृहकार्य (Differential Homework) का प्रयोग करें।
7. PIMS पोर्टल पर समय सारणी के अनुसार विद्यार्थियों की प्रगति विवरण दर्ज करें।
8. वर्कशॉप के माध्यम से नव नियुक्त शिक्षकों को आवश्यक ज्ञान और कौशल से सक्षम बनायें।
9. प्राचार्य/उपप्राचार्य/प्रधानाचार्य प्रत्येक कक्षा अवलोकन के दौरान एक लक्ष्य की प्राप्ति की जाँच करें और अगर कोई विद्यार्थी लक्ष्य प्राप्त नहीं किया हो तो उपचारात्मक करवाई सुनिश्चित करें।
10. आवश्यकता अनुसार विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी शिक्षण प्रक्रिया में नियमानुसार शामिल करें।
11. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विद्यालय स्तरीय NIPUN बैठकें आयोजित करें, सभी संबंधित मुद्दों पर गहन चर्चा करें और अनुवर्ती कार्रवाई करें।
12. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार क्लस्टर स्तर पर NIPUN बैठकें आयोजित करें और NIPUN से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करें।
13. शैक्षणिक सत्र के अंत तक कक्षा के समस्त विद्यार्थी के लिए NIPUN लक्ष्यों को प्राप्त करना अनिवार्य है।

अतः आपसे से अनुरोध है कि विद्यार्थियों की भविष्य तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक विद्यार्थी से निपुण लक्ष्य प्राप्त करवाना सुनिश्चित करें।

भवदीय
दिवाकर भोइ
(दिवाकर भोइ)
सहायक आयुक्त

प्रतिलिपि

1. उपायुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, कोलकाता संभाग की निजी सहायक- उपायुक्त महोदय की जानकारी हेतु।